लोक सभा के महासचिव ने संसद परिसर में हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन किया

...

नई दिल्ली; 16 नवंबर, 2023: लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने आज संसद परिसर में हिंदी पखवाड़ा, 2023 का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में लोक सभा सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, श्री सिंह ने हिंदी पखवाड़ा में आयोजित की जा रही अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अपना नाम दर्ज कराने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के उत्साह की सराहना की। इन प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, भाषण, टंकण आदि शामिल हैं। श्री सिंह ने यह भी कहा कि लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के प्रेरणादायक नेतृत्व में, लोक सभा सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री सिंह ने विशेष रूप से गैर हिंदी भाषी अधिकारियों द्वारा हिंदी सीखने और इसे अपने दैनिक जीवन में उपयोग करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के भी व्यापक एवं उचित प्रयोग का सुझाव दिया। उन्होंने हाल ही में संपन्न पी20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत की भी प्रशंसा की।

हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 800 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

हिंदी पखवाड़ा का उद्देश्य सरकारी कामकाज और दैनिक जीवन में हिंदी भाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करना है।